# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

जनवरी 2008 (अंक 176) | January 2008 (Issue 176)




श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान (एकदम बायें) गोवा राज्य के जनवरी 2008 के अपने भ्रमण के दौरान श्री जे.पी. सिंह, आई.ए.एस., मुख्य सचिव गोवा सरकार के साथ राज्य में बचत एकत्रीकरण के लिये अपनाई जानेवाली नीतियों के बारे में चर्चा करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही बायें से श्री बी.आर. रैगर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, मुम्बई केन्द्र, श्री एस.एल. कुरील, क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) और श्री डी.जे. निमजे सहायक निदेशक मुम्बई केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।

## निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने गोवा राज्य में अल्प बचत प्रगति की समीक्षा की

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने गोवा भ्रमण के दौरान श्री जे.पी. सिंह, आय.ए.एस., मुख्य सचिव गोवा सरकार और श्री उदिप्त रे, आई.ए.एस. वित्त सचिव, गोवा सरकार से मुलाकात की और राज्य में बचत एकत्रिकरण के लिये अपनाई जानेवाली नीतियों और अल्प बचत जमा की प्रगति के बारे में चर्चा की। उन्होंने मुख्य सचिव एवं वित्त सचिव को राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा राज्य में चुने हुये गाँवों में ग्रामीण बचत अभियान चलाये जाने की जानकारी दी जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में अल्प बचत जमा को बढावा मिल सके और गाँव के उन भागों में पहुँचा जा सके जहाँ तक बचत अभियान पहुँच नहीं पाया। उन्होंने राज्य सरकार से बचत संसाधनों को एकत्रित करने में पूर्ण सहयोग की अपील की और अनुरोध किया कि वे ग्रामीण भागों में अधिक से अधिक अभिकर्ताओं की नियुक्ति करें जिससे कि बेरोजगारों को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त हों। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वित्तीय वर्ष 2007-08 के अंत तक ग्रामीण क्षेत्रों में एक लाख पचास हजार खाते खोलने की महत्वकाँक्षी योजना तैयार की है।

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान ने श्री आर.पी. गुप्ता, निदेशक डाक सेवा गोवा से मुलाकात कर वितरण माध्यम जैसे पोस्ट ऑफिस से निवेशकों और अभिकर्ताओं को आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की। श्री बी.आर. रैगर, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान मुम्बई केन्द्र और श्री एस.एल. कुरील, क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) भी उपस्थित थे।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री नासिर सज्जाद, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, गुवाहाटी, ग्रामीण क्षेत्रों में बचत एकत्रिकरण के लिये एन.एस.आई, गोहाटी द्वारा ग्रामीण बचत अभियान के दौरान बेजरा ब्लाक (आसाम) में ग्रामीणों और स्वयं सहायता समूहों को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश में ग्रामीण बचत अभियान का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशकों ने पूरे देश में दिसम्बर एवं जनवरी के दौरान ग्रामीण बचत अभियान चलाया इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक बचत एकत्रित करना और राष्ट्रीय बचत उत्पादों के बारे में ग्रामीण जनता में जागरूकता पैदा करना है जिससे राष्ट्रीय बचत संस्थान को ग्रामीण क्षेत्रों में निवेशकों की संख्या बढ़ाने में और बाजार में अपने अल्प बचत हिस्सेदारी को बढ़ाने में सहायता होगी।

इस ग्रामीण बचत अभियान के दौरान क्षेत्रीय निदेशकों ने स्थानीय प्रभावशाली लोगों और स्व सहायता समूह के मदद से ग्राम सभाएँ आयोजित की और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बचत की आवश्यकता एवं उसके महत्ता को समझाया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार लोगों से अल्प बचत की एजेंसिया लेने का अनुरोध किया जिससे कि उन्हें कमीशन के रूप में वित्तीय सहायता अर्जित करने का अवसर भी प्राप्त हो। क्षेत्रीय निदेशकों ने स्थानीय अधिकारियों एवं जिला अधिकारी के कर्मियों के साथ बैठकों का आयोजन कर उन्हें यह बताया कि राष्ट्रीय बचत संस्थान के द्वारा इस वित्तीय वर्ष के अंत में ग्रामीण भागों में एक लाख पचास हजार खाते खोलने का महत्वाकाँक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। क्षेत्रीय निदेशकों ने राष्ट्रीय बचत उत्पादों की जानकारी के लिए डाक कर्मियों और अल्प बचत अभिकर्ताओं के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम और बैठकों का आयोजन किया जिससे कि अधिक से अधिक बचत संग्रह में सहायता मिले।



श्री वी.एस. मुक्कनवार, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, बैंगलोर, ग्रामीण क्षेत्र में बचत को बढ़ाने के लिये एन.एस.आय. बैंगलोर द्वारा दिसम्बर 2007 में मागडी गाँव, रामनगर जिला, कर्नाटक में आयोजित आंगनवाडी शिक्षकों के बैठकों को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है।



श्री एम.के. मलहोत्रा, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर, ग्राम निम्बाहेड़ा, जिला चित्तोड़ गढ़ में राष्ट्रीय बचत द्वारा स्थापित स्टाल में माननीय श्री श्रीचंद कृपलानी, संसद सदस्य के आगमन पर उनका स्वागत करते हुये दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने निम्बाहेड़ा चित्तौड़ गढ़ में भारत निर्माण अभियान में राष्ट्रीय बचत स्टाल स्थापित किया

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गाँव के लोगों के लिये भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिये अक्टूबर 2007 में निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में भारत निर्माण जन सूचना अभियान का आयोजन किया। राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र ने इस अवसर का लाभ उठाते हुये ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में राष्ट्रीय बचत उत्पाद की जागरूकता पैदा करने के लिये इस अभियान में राष्ट्रीय बचत स्टाल लगाया। श्री एम.के. मलहोत्रा क्षेत्रीय निदेशक एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान के अन्य अधिकारियों ने इस अभियान में उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय बचत उत्पाद की जानकारी दी एवं उनसे अल्प बचत में निवेश करने की अपिल की। इस अभियान में बैंकों एवं एल.आई.सी. सहित विभिन्न विभागों के कुल 40 स्टाल लगाये गये जिसके लगभग पचास हजार लोगों ने भेट दी।

## भारत सरकार ने आयकर का लाभ टी.डी. और एस.सी.एस.एस. योजनाओं को भी लागु किया

भारत सरकार ने आयकर अधिनियम की धारा 80–सी के अंतर्गत पाच वर्षीय सावधि जमा खाता और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में आयकर लाभ लागु किया। पाँच वर्षीय सावधि जमा खाता और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में जमा राँशी आयकर की धारा 80–सी के अंतर्गत कर योग्य आय में से कटौती के योग्य होगी (संबंधित अधिसूचना से जाँचा जाये) जैसे पी.पी.एफ. और 6 वर्षीय (आठवाँ निर्गम) में देय है।




राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारी जनवरी 2008 में थिविम (गोवा) में राष्ट्रीय बचत संस्थान मुम्बई केन्द्र द्वारा आयोजित ग्रामीण बचत अभियान के दौरान ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रीय बचत उत्पादों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुये दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल से नवम्बर 2007 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नवम्बर 2006 तक | | नवम्बर 2007 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 6500.29 | 1921.48 | 5785.99 | -310.71 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 49.47 | 19.04 | 56.92 | 17.47 |
| 3. | असम | 1171.44 | -301.88 | 985.29 | -400.47 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 17.38 | 7.50 | 16.18 | 2.45 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 170.82 | -156.33 | 176.77 | -56.43 |
| 6. | बिहार | 3533.60 | 1224.02 | 3616.40 | 519.99 |
| 7. | झारखंड | 1730.90 | 786.96 | 1229.22 | -16.65 |
| 8. | चंडीगढ | 269.35 | -25.16 | 222.61 | -124.05 |
| 9. | दमण एवं दीव | 247.30 | 91.48 | 272.84 | -127.81 |
| 10. | दिल्ली | 4292.57 | 1388.42 | 2705.58 | -946.61 |
| 11. | गोवा | 398.29 | 261.84 | 209.57 | -4.36 |
| 12. | गुजरात | 9200.55 | 2693.70 | 7327.18 | -1209.86 |
| 13. | हरियाणा | 3182.93 | 684.74 | 2785.10 | -346.72 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1552.18 | 427.59 | 1484.60 | 34.99 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 990.29 | 272.05 | 974.54 | -64.37 |
| 16. | कर्नाटक | 4571.55 | 944.59 | 3228.75 | -681.63 |
| 17. | केरल | 3221.53 | 864.85 | 2574.13 | -345.25 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.43 | 0.94 | 1.07 | -0.02 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2963.46 | 939.34 | 2495.25 | -326.30 |
| 20. | छत्तीसगढ | 975.60 | 346.04 | 855.02 | -29.39 |
| 21. | महाराष्ट्र | 10666.58 | 3114.65 | 7861.47 | -1322.78 |
| 22. | मणिपुर | 60.67 | 11.66 | 43.88 | -14.19 |
| 23. | मेघालय | 110.17 | 5.58 | 87.47 | -2.51 |
| 24. | मिझोरम | 56.41 | 1.05 | 50.19 | -9.18 |
| 25. | नागालैंड | 30.87 | 7.27 | 21.57 | -5.30 |
| 26. | उडीसा | 1767.13 | 588.75 | 1572.42 | 44.35 |
| 27. | पांडीचेरी | 93.47 | 20.32 | 64.56 | -25.21 |
| 28. | पंजाब | 5870.29 | 1184.53 | 5164.73 | -642.27 |
| 29. | राजस्थान | 4608.58 | 791.56 | 4246.08 | -1056.99 |
| 30. | सिक्कीम | 24.80 | 1.68 | 31.46 | -11.85 |
| 31. | तमिलनाडू | 6744.37 | 2047.82 | 5019.92 | -641.05 |
| 32. | त्रिपूरा | 279.49 | 92.30 | 227.86 | -12.93 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 10069.40 | 2997.66 | 9449.22 | 146.35 |
| 34. | उत्तरांचल | 1409.42 | 410.93 | 1328.55 | 76.41 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 12390.08 | 4690.03 | 9865.82 | -143.18 |
| | कुल | **99222.66** | **28357.00** | **82038.22** | **-8036.06** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।